कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी बरेली।
पत्र संख्या:ब–32 / सीएफओ / बरेली–11 / 495 दिनाक:मई 26 ,2011
सेवा में,

प्रबन्धक / स्वामी,
विशप कोनराड सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल,
38 कैण्टोनमेंट बरेली।

विषय: विशप कोनराड सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, 38 कैण्टोनमेंट बरेली का अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण कर अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने प्रार्थना पत्र दिनांक:20–05–2011 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विशप कोनराड सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, 38 कैण्टोनमेंट बरेली का निरीक्षण कर अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध मे विद्यालय भवन का मानचित्र के अनुसार अग्निसुरक्षा के दृष्टिकोण से अग्निशमन अधिकारी बरेली श्री जी0पी0 शर्मा से निरीक्षण / परीक्षण कराया गया तो उनकी आख्या दिनांक:26–05–2011 के अनुसार विद्यालय 12 मीटर चौडी सडक के किनारे स्थित है, जहॉ फायर सर्विस के वाहन आसानी से आ–जा सकते है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन मानचित्र के अनुरूप पाया गया। विद्यालय का मुख्य द्वार 4.57 मीटर चौडा है। विद्यालय प्रबन्धक के शपथ पत्र दिनांक:23–05–2011 के अनुसार विद्यालय वर्ष–1971 से निर्मित एवं संचालित है। विद्यालय का कुल प्लाट ऐरिया–14506.50 वर्गमीटर, कवर्ड ऐरिया भूतल–2529.27 वर्गमीटर, तथा ओपन ऐरिया–11977.23 वर्गमीटर है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन के सैटबैक, मानकों के अनुरूप पायें गये। है। विद्यालय वर्ष 2005 से पूर्व में निर्मित तथा संचालित होने के कारण छूट की परिधि के अर्न्तगत आता है इसलिये उक्त विद्यालय को भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 की धारा–3.11.3.1 (III) एवं शासनादेश संख्या:2688 / छ:–पु0–8–08 दिनांक:20–11–2008 के विन्दु संख्या 02 के अनुसार सैटबैक, में छूट प्रदान की जाती है। विद्यालय भवन में अग्निशमन उपकरण आई0एस0–2190 एव अन्य अग्निशमन व्यवस्थायें एन0बी0सी0 के अनुरूप उपलब्ध है। विद्यालय में उपस्थित अध्यापकों, एव छात्र छात्राओं को अग्निशमन यन्त्रों को चलाने, जीव रक्षा उपायों, आपातकालीन निष्क्रमण ड्रिल, योजनाओं का प्रशिक्षण प्रदान कराते हुये अभ्यास कराया गया तथा विद्यालय प्रबन्धक, को यह निर्देशित किया गया कि समय–समय पर यह प्रक्रिया दोहराते हुये अभिलेखों में अंकित करते रहेगें। अग्निशमन अधिकारी, बरेली श्री जी0पी0 शर्मा द्वारा विशप कोनराड सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, 38 कैण्टोनमेंट बरेली को अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की

क्रमश.....02

MANAGER
BISHOP CONRAD SR. SEC. SCHOOL
38, CANTT. BAREILLY (U.P.)

Fr. Shaji Christopher
Principal
Bishop Conrad Sr. Sec.
38, Cantt. Bareilly (U.P.)

संस्तुति की गई है।

अतः भारत की राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता–2005 में उल्लेखित शैक्षिक भवनों के लिए प्राविधानित अग्निशमन सुरक्षा के अनुरूप दिनांक:26–05–2011 को विशप कानराड सीनियर सेकेण्डी स्कूल, 38 कैण्टोनमेंट बरेली का निरीक्षण अग्निशमन अधिकारी बरेली श्री जी0पी0 शर्मा द्वारा शासनादेश संख्या:1801/15–07–2009–1 (124)/2009 दिनांक:20–07–2009 के अनुसार निर्धारित प्रारूप एवं मानचित्र के अनुसार पाये जाने के कारण अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।

(के0एन0 रावत)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी,
बरेली।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1– जिलाधिकारी, बरेली।

2– जिला विद्यालय निरीक्षक, बरेली।

(के0एन0रावत)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी,
बरेली।

MANAGER
BISHOP CONRAD SR. SEC. SCHOOL
38, CANTT. BAREILLY (U.P.)

Fr. Shaji Christopher
Principal
Bishop Conrad Sr. Sec. School
38, Cantt. Bareilly (U.P.) 243001